राजस्थान आयुर्विज्ञान परिषद्
RAJASTHAN MEDICAL COUNCIL

सरदार पटेल मार्ग,सी–स्कीम, जयपुर–302001(राज0)

Sardar Patel Marg, C-Scheme, Jaipur-302001(Raj.)

Visit us at:-rmcjaipur.orgदूरभाष / Phone No. -0141-2225102, 2221734ई–मेल / E-mail:-
rajmedcouncil@yahoo.in

क्रमांकः– आर.एम.सी. / 2023 / 1090 दिनांक 31/03/2023

प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक, सलग्न चिकित्सालय समूह,
सवाईमान सिहं आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, जयपुर,
जेएनएन आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, अजमेर,
एस.पी. आयुर्विज्ञान महाविद्यालय,, बीकानेर,
आर.एन.टी. आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, उदयपुर,
डॉ एस.एन. आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, जोधपुर,
राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, कोटा,
आर.यू.एच.एस. आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, जयपुर,
झालावाड मेडीकल कॉलेज, झालावाड एंव
समस्त राजकीय मेडीकल कॉलेज (राजमेस),

विषयः– चिकित्सकों की हडताल के कारण राज्य के चिकित्सालयों में उत्पन्न परिस्थितियों बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत अनुरोध है कि राज्य में चिकित्सकों की हडताल के कारण चिकित्सालयों में उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग, जयपुर द्वारा इस प्रकरण में स्वःप्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया गया है। माननीय आयोग में दर्ज परिवाद संख्या 2023 / 17 / 1369 में पारित आदेश दिनांक 29.03.2023 में कौंसिल को निर्देशित किया गया है कि चिकित्सकों के इस आचरण पर राजस्थान मेडीकल एक्ट, 1952 एंव राजस्थान मेडीकल रूल्स, 1957 के तहत कार्यवाही करते हुये सम्पूर्ण तथ्यात्मक रिपोर्ट आयोग के अवलोकनार्थ दिनांक 10.04.2023 को प्रस्तुत की जावें।

अतः माननीय आयोग द्वारा पारित निर्देशों की अनुपालना में अनुरोध है कि आपके अधीन चिकित्सा महाविद्यालयों एंव सलग्न चिकित्सालय समूह में हडताल पर रहने वाले रेजिडेन्ट चिकित्सकों के नाम, जन्म तिथि एंव कौंसिल में पंजीयन का कमांक की सूचना तीन दिवस में कौंसिल की मेल आईडी rajmedcouncil@yahoo.in पर आवश्यक रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करें, ताकि नियमानुसार कार्यवाही की जा सकें।

(डॉ. मनीष शर्मा)
रजिस्ट्रार
राजस्थान मेडिकल कौंसिल
जयपुर

प्रतिलिपि निम्न को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है:–

1. श्रीमान् प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. श्रीमान् शासन सचिव, चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. निदेशक, चिकित्सा एंव स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर।

रजिस्ट्रार